भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 183
उत्तर देने की तारीख : 18 नवम्बर, 2019

पुस्तकालयों और संग्रहालयों के लिए वित्तीय सहायता

183. श्री देवजी पटेल :
श्री चुन्नी लाल साहू :
श्री रवि किशन :
डॉ. रामशंकर कठेरिया :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अभिलेखागारों, सरकारी पुस्तकालयों और संग्रहालयों हेतु सरकार द्वारा प्रदत्त वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान में इस संबंध में छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान राज्य सरकारों से प्राप्त कुल कितने प्रस्ताव सरकार के समक्ष लंबित हैं और तत्संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इन प्रस्तावों को कब तक स्वीकृति दिए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) : पिछले तीन वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अभिलेखागारों, सरकारी पुस्तकालयों और संग्रहालयों के लिए सरकार द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता के ब्यौरे अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(ख) और (ग) : उत्तर प्रदेश से प्राप्त, संग्रहालयों को वित्तीय सहायता से संबंधित दो प्रस्ताव अपेक्षित दस्तावेजों/ सूचना के अभाव के कारण सरकार के पास लंबित हैं, जो संबंधित संग्रहालयों से प्रतीक्षित हैं। संग्रहालय अनुदान स्कीम में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार, प्रस्ताव के लिए प्रशासनिक अनुमोदन जारी किया जाता है।

अनुलग्नक

पुस्तकालयों और संग्रहालयों के लिए वित्तीय सहायता के संबंध में दिनांक 18 नवम्बर, 2019 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 183 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

छत्तीसगढ़

(राशि रुपए में)

	2016-17	**2017-18**	**2018-19**
अभिलेखागार	0.00	0.00	0.00
राजकीय पुस्तकालय	1,52,98,229	12,48,043	55,46,604
संग्रहालय	0.00	0.00	0.00
कुल	**1,52,98,229**	**12,48,043**	**55,46,604**

उत्तर प्रदेश

	2016-17	**2017-18**	**2018-19**
अभिलेखागार	0.00	0.00	0.00
राजकीय पुस्तकालय	3,03,74,724	3,66,29,658	1,14,64,815
संग्रहालय	2,38,21,000	2,01,20,800	75,81,000
कुल	**5,41,95,724**	**5,67,50,458**	**1,90,45,815**

राजस्थान

	2016-17	**2017-18**	**2018-19**
अभिलेखागार	11,80,875	0.00	0.00
राजकीय पुस्तकालय	4,43,62,017	4,10,04,422	4,26,53,365
संग्रहालय	4,83,00,000	0.00	0.00
कुल	**9,38,42,892**	**4,10,04,422**	**4,26,53,365**

*****